# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
**Central Sanskrit University**
(संसद के अधिनियम द्वारा पारित)
(Established by An Act of Parliament)
## जयपुर परिसर, जयपुर (राजस्थान)
**Jaipur Campus, Jaipur (Rajasthan)**

के.सं.वि.ज./प्रशा./ITEP/2024-25/ 1501 दिनांक: 26.08.2024

## अधिसूचना

विषय :- एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP) प्रथम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रथम चरण प्रवेश के सन्दर्भ में छात्रों के लिए दिशा-निर्देश।

विदित है कि एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP) प्रथम वर्ष में प्रथम चरण के प्रवेश हेतु छात्रों का परामर्शन दिनांक 27.08.2024 से 30.08.2024 सायं 05:00 बजे तक पूर्ण किया जाएगा। उक्त कक्षा में प्रवेश हेतु छात्रों को स्थानीय प्रवेश समिति को निम्नलिखित बिन्दुयों के अनुसार मूल दस्तावेज एवं प्रतिलिपि के साथ ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत करना अनिवार्य है -

- माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त सम्बन्धित प्रवेशार्थियों को भौतिक उपस्थिति या ऑनलाईन के माध्यम से जयपुर परिसर में प्रवेश की सुविधा दी गई है। ऑनलाईन के माध्यम से दस्तावेजों के सफल सत्यापन कराने वाले प्रवेशार्थियों को स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर अस्थायी प्रवेश दिया जायेगा। जिन प्रवेशार्थियों को अस्थायी प्रवेश प्रदान किया जायेगा उनको शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि "मैं भौतिक रूप से जयपुर परिसर में मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होकर पुनः दस्तावेजों का सत्यापन कराऊंगा/कराऊंगी तथा किन्हीं कारणों से असफल होने पर मेरा प्रवेश बिना किसी शर्त के साथ निरस्त किया जाए तथा मुझे यह भी ज्ञात है कि भौतिक सत्यापन में असफल होने पर मेरे द्वारा समर्पित शुल्क वापिस नहीं होगा।"
- प्रवेश के समय (आनॅलाईन/ऑफलाईन) प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेज निम्नानुसार संलग्न कर एक PDF में प्रेषित करना अनिवार्य है।
- एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP) आनॅलाईन आवेदन पत्र समर्थ पोर्टल से Download करने के उपरांत एक PDF बनाकर परिसर ईमेल shikshashastram@gmail.com पर प्रेषित करें।
- जन्मतिथि के सत्यापन हेतु सम्बंधित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
- मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10th/12th (संस्कृत विषय सहित) समकक्ष उपाधि उत्तीर्ण अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र जमा करवाना होगा।
- चिकित्सकीय प्रमाणपत्र जमा करवाना होगा।
- संलग्न शपथ पत्र एवं परिसर स्थानान्तरण निषेध प्रतिज्ञा पत्र जमा करवाना होगा।
- ABC (Academic Bank Credit) प्रमाण पत्र जमा करवाना होगा।
- रैगिंग के विरोध सम्बन्धित (Anti-ragging.in/Affidavit_university form.Ph.D) के माध्यम से Register करके परिसर में पत्र जमा करवाना होगा।
- माइग्रेशन प्रमाण पत्र (Migration), स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (Transfer Certificate), चरित्र प्रमाण पत्र (Character Certificate) मूल प्रस्तुत करना होगा।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/EWS/VH/PH प्रमाण प्रत्र की छायाप्रति जमा करवाना होगा।
- क्रीडा सम्बन्धित प्रमाण पत्र (राज्य स्तरीय/राष्ट्र स्तरीय) एवं अन्य गतिविधि प्रमाण पत्र (यदि हो तो) जमा करवाना होगा।
- प्रवेश दिनांक 27.08.2024 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 30.08.2024 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालयीय समय पर लिया जायेगा।

- स्थानीय प्रवेश समिति के द्वारा जिन प्रवेशार्थियों को स्थायी/अस्थायी रूप से प्रवेश दिया जाएगा है उन प्रवेशार्थीयों को प्रवेश शुल्क भरने के लिए परिसर द्वारा अलग से Whatsapp/E-mail के माध्यम से सूचित किया जाएगा। प्राप्त निर्देशानुसार शिक्षण शुल्क जमा करवाना होगा।
- सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश शुल्क इस प्रकार देय होगा।

  एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP) प्रथम वर्ष

| |
|---|
| प्रथम द्वितीय सत्रार्द्ध- |
| **18200/- (GEN/EWS/OBC/SGC)** |
| **17200/- (SC/ST/PWD/CW)** |

- प्रवेशार्थियों का परामर्शन प्रक्रिया के उपरान्त सफल अभ्यर्थी को दिनांक 27.08.2024 से दिनांक 31.08.2024 सायं 05.00 बजे तक प्रवेश शुल्क समर्थ पोर्टल (https://sanskritcuet.samarth.edu.in/ncet/index.php/site/login) पर जमा करना अनिवार्य होगा। समर्थ पोर्टल पर प्रवेश शुल्क से सम्बन्धी समस्या होने पर तकनीकी सहायक (मो.न. 8209583751) से संपर्क कर सकते है।
- समर्थ पोर्टल के माध्यम से शिक्षण शुल्क जमा कर शुल्क रसीद तत्काल shikshashastram@gmail.com पर जमा करें।
- प्रवेशार्थीयों का प्रवेश सुनिश्चित हो जाने के बाद दिनांक 02.09.2024 को परिसर में उपस्थित होना अनिवार्य है। अन्यथा प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।
- अधिक जानकारी हेतु समय-समय पर परिसर वेबसाइट https://www.csu-jaipur.edu.in/ का अवलोकन करते रहें।

नोट: -

1. ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश प्राप्त छात्रों को निर्देश है कि विश्वविद्यालय में व्यक्तिश: उपस्थित होने पर आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाण पत्रों का मूल दस्तावेजों से सत्यापन करवाना होगा।
2. उक्त निर्देश केवल जयपुर परिसर में पंजीकृत छात्रों के लिए मान्य होंगे।

(प्रो. सुदेश कुमार शर्मा)
निदेशक

संलग्न: प्रारूप।

# शपथ पत्र

मैं .......................................................................... पुत्र/पुत्री श्री ........................................ शपथपूर्वक बयान करता/करती हूं कि -

1. मेरा चयन केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की NTA द्वारा आयोजित NCTE परीक्षा में हुआ है जिसका फॉर्म न. ....................... है।
2. मैं एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP) कक्षा में प्रवेश की अर्हता की सभी आवश्यक शर्तों को पूरा करता/करती है।
3. मेरे द्वारा परीक्षा परिणाम अंकपत्र निर्धारित समय तक परिसर में जमा न करने की स्थिति में परिसर को मेरे अस्थाई प्रवेश को निरस्त करने का अधिकार होगा। जिस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।
4. मेरा प्रवेश निरस्त होने की स्थिति में विश्वविद्यालय नियमानुसार मेरी जमा शुल्क मुझे लोटाई जाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

हस्ताक्षर

छात्र का नाम
पिता का नाम

# प्रतिज्ञा पत्र

मैं ............................................................................ पुत्र/पुत्री श्री ............................. निवासी ............................................... राज्य ...................... ग्राम ....................... एतद् द्वारा प्रतिज्ञा करता करती हूं कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित परिसर में नियम पालन पूर्वक अध्ययन करूंगा करूंगी एवं प्रवेश के समय अथवा प्रवेश के बाद परिसर स्थानान्तरण के लिए कोई दावा नहीं करूंगा करूंगी।

.......................................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम -

पता -

मो.न. -

ई-मेल -